समाचार

राजस्व वसूली अभियान

<u>21 जनवरी को इन वार्डो में लगेंगे राजस्व वसूली शिविर</u>

कोरबा 20 जनवरी 2021— नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, 05 प्रतिशत जलकर, जलकर, दुकान एवं भवन किराया आदि की बकाया राशि की वसूली हेतु निर्धारित कार्ययोजना अनुसार **21 जनवरी को** वार्ड क्र. 04 प्रताप चौक, वार्ड क्र. 03 सामदुायिक भवन राताखार, वार्ड क्र. 24 दुर्गा पण्डाल एम.पी.नगर, वार्ड क्र. 20 कांशीनगर नवधा पण्डाल, वार्ड क्र. 35 हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 45 स्याहीमुड़ी सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 56 शांतिनगर बाजार के पास, वार्ड क्र. 64 घुड़देवा मद्रासी होटल के पास शिविर लगाए जाएंगे। निगम के सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर ने बताया कि विगत 03 दिनों में विभिन्न वार्डो में लगाए गए राजस्व वसूली शिविरों के माध्यम से 26 लाख 41 हजार रूपये के करों की वसूली की गई है, उन्होने बताया कि करदाता इन शिविरों में पहुंच रहे हैं तथा बकाया कर राशि का भुगतान निगम को कर रहे हैं।